
# उत्तराखंड की नदियों में बहीं महिलाएँ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड में गंगा और भागीरथी नदियों की तेज़ धारा में तीन महिलाएँ बह गईं।

## मुख्य बिंदु:

- राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (State Disaster Response Force- SDRF) की टीम ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।
- **भागीरथी नदी:**
  - यह उत्तराखंड की एक **अस्थिर** हिमालयी नदी है और गंगा की दो मुख्य धाराओं में से एक है।
  - भागीरथी नदी का उद्गम 3892 मीटर की ऊँचाई पर, गौमुख नामक स्थान पर गंगोत्री ग्लेशियर **के तल से होता है** तथा 350 किलोमीटर विस्तृत गंगा डेल्टा में फैलकर अंततः बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
  - भागीरथी और अलकनंदा **गढ़वाल में** देवप्रयाग **में मिलती हैं** तथा उसके बाद गंगा के नाम से जानी जाती हैं।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/women-swept-away-in-uttarakhand-rivers